पेज थ्री देहरादून

देहरादून, बुधवार 8 जनवरी, 2020

# हमारा दून



सचिवालय कूच के दौरान प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री।



## संक्षिप्त समाचार

### विधायक हरबंश कपूर के जन्मदिन पर आयोजित किया आयुषमान कार्ड शिविर

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका मधु जैन ने उत्तराखंड के वरिष्ठ विधायक हरबंस कपूर के जन्म दिवस के अवसर पर अटल आयुष्मान कार्ड का बनाने के लिए कैंप का आयोजन बिंदाल पुल के पास ओमकार प्लाजा में आयोजित किया। शिविर में मधु जैन ने अटल आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी दी और उसके द्वारा होने वाले लाभ बताए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयुष्मान जन आरोग्य योजना प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत गंभीर बीमारी के लिए जारी गरीब जनता का 500000 तक का इलाज निशुल्क किया जाता है।

### जल संस्थान व हैस्को परिसर का भ्रमण किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) द्वारा आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय "जल संरक्षण एवं जल गुणवत्ता" प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रशिक्षणार्थियों को राजपुर रोड़ स्थित उत्तराखण्ड जल संस्थान के वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट का भ्रमण कराया गया, जिसमें यूसर्क के वैज्ञानिकों एवं उत्तराखण्ड जल संस्थान की तकनीकी टीम द्वारा विस्तृत रूप से प्लांट में साफ किये जा रहे पेयजल की विभिन्न प्रक्रियाओं को वैज्ञानिक ढंग से समझाया गया।

### मुख्यमंत्री ने पीसीएस(जे) में 8वीं रैक पाने वाली सुश्री दीप्ति पंत से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड पीसीएस(जे) में 8वीं रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री दीप्ति पंत ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सुश्री दीप्ति पंत को उनकी इस कामयाबी के लिए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 'धूमधाम से मनाया जाएगा 71वां गणतंत्र दिवस': सीएस

**निर्देश**

सीएस ने की विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक

मनोहर झांकियां को प्रदर्शित करने तथा झांकियों को समय से तैयार करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। 'धूमधाम से मनाया जाएगा 71वां गणतंत्र दिवस'' यह बात मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा उनकी अध्यक्षता में सचिवालय स्थित उनके सभा कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई बैठक में कही गयी।

मुख्य सचिव ने इस बार विभिन्न विभागों द्वारा उनकी सफलता की कहानी को प्रदर्शित करती हुई अच्छी गुणवत्ता की मनोहर झांकियां को प्रदर्शित करने तथा झांकियों को समय से तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के साथ ही विशिष्ट महानुभावों को समय से निमंत्रण पत्र प्रेषित करने और गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें यथोचित सम्मान के साथ स्थान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा सामान्य जनता को दिए जाने वाले संदेश के संबंध में विभिन्न विभागों से यथोचित सूचनाएं समय से प्राप्त करते हुए अग्रिम कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने–अपने स्तर पर गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन कराने में सक्रियता से सहयोग देना सुनिश्चित करेंगे।



71वें गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में बैठक लेते हुए मुख्य सचिव।

बैठक में सचिव सूचना दिलीप जावलकर ने गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आगामी 71वें गणतंत्र दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिए सूचना विभाग, पुलिस विभाग, संस्कृति विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, स्थानीय नगर निगम, एम.डी.डी.ए. के साथ ही संबंधित जनपद के जिलाधिकारी, सेना, आई.टी.बी.पी. इत्यादि द्वारा अपने–अपने स्तर पर की जाने वाली तैयारियों और जिम्मेदारियों को समय से सम्पादित करेंगे। कहा कि गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के अनुसार 25 व 26 जनवरी की सायं को मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, नगर निगम और गैर सरकारी संस्थाओं की सहभागिता से प्रमुख राजकीय भवनों को प्रकाशमान किया जाएगा।

सूचना विभाग देशभक्ति गीतों का विभिन्न सार्वजनिक स्थलों–चौराहों पर प्रसारण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में टी.वी.–रेडियो के माध्यम से प्रसारण करेंगे। संस्कृति विभाग कवि सम्मेलन तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउण्ड और राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। परेड ग्राउण्ड में आयोजित समारोह को मनोहर बनाने के लिए वायु सेना द्वारा करतब का प्रदर्शन किया जाएगा तथा चॉपर के माध्यम से झण्डारोहण के समय फूलों की वर्षा की जाएगी।

परेड ग्राउण्ड में सेना, पैरामिरिट्री आई.टी.बी.पी इत्यादि, पी.ए.सी., सिविल पुलिस, होमगार्ड, पी.आर.डी., एन.सी.सी., एन.एस.एस एवं स्काउट गाईड्स आदि द्वारा परेड में प्रतिभाग किया जाएगा।

### एससी व एसटी के कुछ लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है: मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विधानसभा में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि पिछले 70 वर्षों से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों ने काफी प्रगति की है। किन्तु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कुछ लोग अभी भी सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। इनको भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। जिससे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से भी मजबूती मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के निर्माताओं द्वारा परिकल्पित समावेशी स्वरूप को बनाये रखने की दृष्टि से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों के आरक्षण को अन्य दस वर्षों अर्थात् 25 जनवरी 2030 तक के लिए जारी रखने का प्रस्ताव किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 334 के अनुसार लोक सभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के स्थानों के लिए आरक्षण संबंधी उपबंध किया गया था, लेकिन इन उपबंधों का विस्तार न होने के कारण यह उपबंध 25 जनवरी 2020 को अप्रभावी हो रहा था।

### विभागीय मंत्री के कॉलेज में सड़ रही हजारों साइकिलें, श्रम विभाग ने खरीदी थी साइकिलें

**संवाददाता** देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि जीरो टोलरेंस का नारा देने वाली सरकार के श्रम विभाग के अंतर्गत भवन निर्माण एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा गत वर्ष लगभग 20000 घटिया साइकिलें करोड़ों रुपए में खरीद कर घोटाले को अंजाम देने का आरोप मोर्चा द्वारा लगाया था। पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि उक्त घोटाले में विभागीय मंत्री की विश्वासपात्र, जिनको बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर सचिव पद का तोहफा दिया गया है, ने सांठ–गांठ कर हजारों गरीब श्रमिकों को घटिया सामान फर्जी तरीके से वितरण कर करोड़ों रुपए का घालमेल करने का काम किया है।

# विस क्षेत्रों का परिसीमन क्षेत्रफल के आधार पर हो

**प्रदर्शन**

■ उक्रांद कार्यकर्ताओं ने किया विस कूच

देहरादून। **संवाददाता**

राज्य की विधानसभाओं का परिसीमन क्षेत्रफल के आधार पर करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा कूच कर उपवास रखा। कूच करते हुए पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रिस्पना पुल से पहले बेरीकेडिंग लगाकर रोक दिया। ऐसे में कार्यकर्ताओं ने बारिश के बीच नारेबाजी करते हुए सरकार पर राज्य के मुद्दों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।



यूकेडी कार्यकर्ता विधानसभा कूच के दौरान प्रदर्शन करते हुए।

मंगलवार दोपहर में उत्तराखंड क्रान्ति दल के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा कूच किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने उन्हें रिस्पना पुल से पहले ही रोक दिया। कार्यकर्ता ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी। लगातार बारिश के बीच कार्यकर्ता अपनी मांग को जोरशोर से उठाते रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के आला अधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने एक दुकान की टीन शैड के नीचे धरना दिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकार का मकसद उत्तराखंड में भी आबादी के हिसाब से विधानसभाओं का परिसीमन करने का है। ऐसे में परिसीमन हुआ तो पर्वतीय क्षेत्र में विधानसभा की सीटें कम होगी और इससे सीधे तौर पर राज्य के पहाड़ी क्षेत्र प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य का अस्सी फीसदी भूभाग पर्वतीय है। इसलिए दल की मांग है कि विधानसभाओं का परिसीमन क्षेत्रफल के आधार पर किया जाय।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों को लेकर किया सचिवालय कूच, पुलिस ने रोका

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बारिश के बीच सचिवालय कूच किया। हालंकि सचिवालय के समीप पुलिस ने बैरिकेट लगाकर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों के बीच हल्की फुल्की धक्कामुक्की भी हुई। इसके बाद कर्मचारियों ने मांगों के निस्तारण के लिए सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। मंगलवार को कर्मचारी संघ से जुड़े आंगनबाड़ी कर्मचारी प्रदेश महामंत्री सुशीला खत्री की अध्यक्षता में परेड ग्रांउड स्थित धरना स्थल पर एकत्र हुए। इसके बाद प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने सचिवालय कूच किया।

### राष्ट्रपति भवन का दौरा

देहरादून। जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के छात्रों ने भारत के सबसे बड़े आधिकारिक निवास राष्ट्रपति भवन का दौरा कर शानदार कला और वास्तुकला का अध्यन किया।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।